# दो करोड़ 61 लाख रुपए ठगने वाले दो आरोपी गिरफ्तार



## दिल्ली व पंजाब से जालसाजों को दबोचा, 71 करोड़ रुपए के चैक व अन्य दस्तावेज बरामद

**छिन्दवाड़ा, देशबन्धु।** इंपोर्ट-एक्सपोर्ट के व्यापार में कमाने के सपने दिखाने वाले दो जालसाजों को कोतवाली पुलिस ने दबोचा है। इन जालसालों ने छोटी बाजार निवासी आशीष सोनी से दस साल में करीब दो करोड़ 61 लाख रूपए ठगे थे। कोतवाली पुलिस ने अपनी बेहतरीन योग्यता का परिचय देते हुए दिल्ली व पंजाब में बैठे जालसाजों को दबोचा और उनके पास से 71 करोड़ रूपए के चैक व अन्य दस्तावेज जब्त किए हैं।

पुलिस ने बताया कि प्रार्थी आशीष सोनी पिता मदन सोनी निवासी छोटी बाजार छिंदवाड़ा द्वारा एक लिखित आवेदन मय दस्तावेजो के धोखाधड़ी के संबंध में कार्यवाही हेतु प्रस्तुत किया गया था। इस आवेदन पर एस.पी. अजय पाण्डेय द्वारा निर्देश के पालन में अतिरिक्त पुलिस अधीक्षक आयुष गुप्त के मार्गदर्शन में एवं नगर पुलिस अधीक्षक अजय राणा व थाना प्रभारी कोतवाली उमेश गोल्हानी के नेतृत्व में कोतवाली पुलिस टीम कार्रवाई की गई और धोखाधड़ी कर पैसे हड़पने वाले पंजाब एवं दिल्ली के दो आरोपियों को गिरफ्तार करने में सफलता प्राप्त हुई है।

आशीष सोनी वर्ष 2011 से 2014 तक मरचेंट नेवी में काम करता था, उनके साथ हरविंदर गिल नामक व्यक्ति भी काम नौकरी करता था। 2014 में आशीष सोनी के पिता की अचानक मृत्यु हो जाने के कारण आवेदक नौकरी छोडकर छिंदवाड़ा आ गया था।

बेरोजगारी के कारण आशीष ने रोजगार हेतु आरोपी अरविंदर गिल एवं लक्ष्य शर्मा से संपर्क किया, आवेदक आशीष सोनी द्वारा प्रस्तुत आवेदन एवं दस्तावेजो मे आरोपी हरविंदर गिल पिता पाल सिंह गिल एवं लक्ष्य शर्मा पिता योगेंदर शर्मा के द्वारा आशीष सोनी को इंपोर्ट एवं एक्सपोर्ट बिजनेस में कमीशन की राशी निकलवाने का झांसा दिया गया।

राशि प्राप्त करने के लिए शासकीय विभाग, सुप्रीम कोर्ट दिल्ली, इनकम टेक्स डिपार्टमेंट, आर.बी.आई., मिनिस्ट्री ऑफ फायनेंस, एफ.आई. यू., एम.सी.ए., आई.सी.ए. आई., प्रवर्तन निदेशालय एवं अन्य विभाग के फर्जी लेटर बनाकर आरोपीगणो द्वारा आशीष को उसके मोबाइल पर मेल एवं व्हाटसअप के माध्यम से कूटरचित फर्जी दस्तावेज भेजे गए।

आशीष सोनी वर्ष 2014 से वर्ष 2025 तक झांसा देकर आरोपी हरविंदर गिल एवं लक्ष्य शर्मा के द्वारा 2 करोड 63 लाख रुपए प्राप्त किए गए। आवेदन पत्र एवं संलग्न दस्तावेजो से आरोपी हरविंदर गिल पिता पाल सिंह गिल एवं लक्ष्य शर्मा पिता योगेंदर शर्मा का कृत्य प्रथम दृष्टया धारा 318(4), 338, 336(3) भा.न्या.सं. का घटित करना पाया गया, जो आरोपीगण हरविंदर गिल पिता पाल सिंह गिल एवं लक्ष्य शर्मा पिता योगेंदर शर्मा से घटना के संबंध पूछताछ करने पर दोनो ने शासकीय विभाग के फर्जी दस्तावेज भेजकर राशी प्राप्त करना बताया है। आरोपियों से प्रार्थी को भेजे गये कूटरचित दस्तावेज मोबाइल फोन एवं चैक जब्त कर आरोपीगणो को गिरफ्तार कर न्यायालय पेश किया गया है।

इस केस को सुलझाने और आरोपियों को पकड़ने में महत्वपूर्ण भूमिका निरीक्षक उमेश कुमार गोल्हानी, उ.नि. नारायण सिंह बघेल, प्रधान आरक्षक युवराज रघुवंशी, रविन्द्र सिंह ठाकुर, आरक्षक सागर मर्सकोले, सायबर प्रधान आरक्षक नितिन सिंह की महत्वपूर्ण भूमिका रही है।

जालसाजों को युवा आशीष सोनी ने पहले तो पास से पैसे दिए और जब मोटा कमीशन मिलने का सपना ठगों ने दिखाया तो आशीष ने अपने परिजनों, नात-रिश्तेदारों से भी पैसा लेकर जालसाजों के खाते में भेजा। अच्छी बात यह भी रही कि आशीष के पास पैसे देने का पूरा रिकार्ड था और पुलिस ने हर लेन-देन को देखा। जालसाज अन्य लोगों को भी ठग रहे थे लेकिन छिंदवाड़ा की कोतवाली पुलिस टीम ने उनके मंसूबों पर पानी फेर दिया।

## कांग्रेस ने मोहखेड़ में मंत्री का पुतला फूंका



**मोहखेड़, देशबन्धु।** कल मोहखेड़ बस स्टैंड पर ब्लॉक कांग्रेस कमेटी मोहखेड़ एवं कांग्रेस के अनुसांगिक संघटनो के कार्यकर्ता पदाधिकारियों के द्वारा विरोध प्रदर्शन कर भारतीय सेना का अपमान करने वाले उपमुख्यमंत्री जगदीश देवड़ा और मंत्री विजय शाह का पुतला दहन किया एवं विरोध प्रदर्शन किया गया और तहसीलदार एवं थाना प्रभारी को ज्ञापन सोपा गया।

इस अवसर पर सौसर विधानसभा के विधायक विजय चौरे, सौसर विधानसभा प्रभारी प्रीतम पटेल, मोहखेड़ ब्लॉक कांग्रेस कमेटी अध्यक्ष रघुवीर मोहने, मोहखेड़ पर्यवेक्षक लखीचंद पवार, जनपद उपाध्यक्ष ईश्वर वाडीबा, क्षेत्रीय अध्यक्ष सूरज सोनघरे, मनोज सिन्हा, पूनाराम चोरिया, नगर अध्यक्ष पप्पू शर्मा, प्रवक्ता फैयाज खान, अंकित चोरसिया, अशोक फरकारे, राजू बडीबा, योगेश राजनकर, मिलिंद घोगरे, सोहेल खान, माया ईंगले, रेखा ऊईके, संतोष कड़वे, बापू हांडे, बंटी साहू, मेहमूद खान, अनिमेष दुबे, नसीब अंसारी, अब्दुल्ला खान, जोगी महाजन, प्रदीप जामकर, तारेन लोखंडे, आनंदराव खापरे, बंटी फटिंग, कैलाश टांडेकर, नारायण साहू, पंकज कुशनेकर, अक्षय साहू, संजय भाई, कैलाश डोंगरे मौजूद थे।

*सार समाचार*

## चांदामेटा निवासी हिसामुद्दीन खान व मेहरोज बानो मदीना शरीफ के लिए रवाना



**गुढ़ी अम्बाड़ा, देशबन्धु।** पूर्व में मस्जिद दफाई अम्बाड़ा मे रहे एवं वर्तमान में फ्लावरवेल स्कूल के सामने चाचा मोहल्ला चांदामेटा निवासी जनाब हिसामुद्दीन खान एवं उनकी पत्नी (बीबी) मेंहरोज बानो, 02 जायरीन हजरात हज्जे बैतुल्लाह के लिए रवाना हुए। इस दौरान अल्लाह हुम्मा लब्बैक, अल्लाहुम्मा लब्बैक की सदा लगाते हुए मक्का शरीफ, मदीना शरीफ के लिए रवाना हुए। इस दौरान उनका जगह-जगह फूल मालाओं से इस्तकबाल किया गया एवं फातेहा पढ़ा गया सभी ने एकजुट होकर सलातो सलाम पड़ा एवं मुल्क में अमन व चैन कायम रहे इसकी दुआ मांगी गई।

गौरतलब है कि हुज्जाजे इकराम मंगलवार की सुबह 10:00 बजे फोर व्हीलर वाहन से नागपुर के लिए रवाना हुए एवं नागपुर से 21 मई बुधवार की सुबह हवाई जहाज के माध्यम से सऊदी अरब के जद्दा एयरपोर्ट पहुंचेंगे एवं मक्का शरीफपहुंचकर खाने काबा शरीफ का तवाफ करेंगे, एवं मदीना शरीफ पहुंचकर पैगंबरे इस्लाम हजरत मुहम्मद सल्लल्लाहु अलैहि वसल्लम के रौजे की जियारत करेंगे। और हज के अरकान पूरे करेंगे।

इस मौके पर वहाजउद्दीन खान, शैनुद्दीन खान, मुनाजउद्दीन खान, नैमुउद्दीन खान, ऐशउद्दीन खान, सैय्यद एजाज अली, हाजी सफी यासीनी, हाजी ऐनुलहक, हाजी महफूज, फिरोज (राजा) सिद्दीकी, मोहम्मद खालिद (राजा) खान सहित बड़ी संख्या में मुस्लिम समुदाय के लोग उपस्थित रहे।

## शादी में नकद व्यवहार लेने से मना किया, कहा फोन पे कर दें

**छिन्दवाड़ा, देशबन्धु।** शहर के एक क्षेत्र में गत दिनों एक शादी समारोह में वर पक्ष के तरफ व्यौहार देने वाले लोग उस समय हक्के बक्के रह गए जब एक व्यक्ति जो शादी में आया था किसी कारण से वह लिफाफा भूल गया था। व्यौहार लिखने वाले व्यक्ति को जब नगद राशि दी गई तो वह लेने से मना कर दिया बोले खुल्ले नोट मत दीजिए आप इस बार कोड में फोन पे कर दीजिए जो लिखने वाले रजिस्टर के ऊपर लगा था। यह देखकर लोग हैरान रह गए कि आखिर शादी में भी आखिर बार कोड आ ही गया।

## नहीं मिल रहा भूमि का अधिकार पत्र

**नरसिंहपुर, देशबन्धु।** जिले के बौछार गांव से दर्जनों महिलाएं मंगलवार को कलेक्टर कार्यालय पहुंचीं। सरपंच अनीता श्रीवास्तव के लेटरहेड के साथ उन्होंने कलेक्टर को ज्ञापन सौंपा। ग्रामवासियों ने जमीन के पट्टे की मांग की है। ग्रामीणों का कहना है कि वे लगभग 50 साल से गांव में निवास कर रहे हैं, लेकिन अभी तक उन्हें भूमि का अधिकार पत्र नहीं मिला है। ग्रामीण संगीता काछी ने बताया कि उन्होंने प्रधानमंत्री आवास योजना के तहत घर बना लिया है, परंतु बिना पट्टे के उनके पास कोई वैध अधिकार नहीं है। चार माह पहले ग्राम बौछार में 406 पट्टों का वितरण किया गया था, लेकिन कई वास्तविक पात्रों को पट्टा नहीं मिला। ग्रामीणों ने बताया कि वे सभी मजदूर वर्ग से हैं। पिछले वर्ष तहसीलदार को भी आवेदन दिया गया था, लेकिन अब तक कोई कार्रवाई नहीं हुई।

## पत्रकार से मारपीट करने वाले चार दोषियों को तीन साल की सजा

**छिन्दवाड़ा, देशबन्धु।** कोतवाली थानांतर्गत एक दैनिक समाचार पत्र के कार्यालय में घुसकर तोडफ़ोड़ करने और पत्रकार से मारपीट के मामले में न्यायालय ने चार आरोपियों को 3-3 वर्ष के सश्रम कारावास की सजा सुनाई है। न्यायालय ने आरोपियों पर 4 हजार 800 रुपए का अर्थदंड भी लगाया। न्यायालय गोपाल जाटव न्यायिक मजिस्ट्रेट प्रथम श्रेणी छिंदवाड़ा के द्वारा मामले में फैसला सुनाया गया। प्रकरण में शासन की ओर से सहायक जिला लोक अभियोजन अधिकारी छिंदवाड़ा परितोष देवनाथ के द्वारा पैरवी की गई।

कलेक्ट्रेट के सामने गुलाबरा मार्ग पर सिविल लाइन स्थित एक हिंदी दैनिक समाचार पत्र के कार्यालय में 15 मार्च 2021 रात लगभग 10.30 बजे देव डेली नीड्स के संचालक आरोपी दीपक साहू, देवेंद्र उर्फ देव साहू, श्याम कुमार सोनी एवं राज चौहान ऑफिस में आये और पत्रकार से अभद्रता करते हुए मारपीट और तोडफ़ोड़ करने लगे। आरोपी समाचार के प्रकाशन को लेकर आक्रोशित थे। पत्रकार द्वारा गाली देने एवं तोडफ़ोड़ करने से मना करने पर सभी ने झूमाझटकी कर मारपीट की।

इस दौरान आरोपियों ने बेल्ट, लोहे की रॉड से मारा जिससे पत्रकार को चोटें आईं। आरोपियों ने जाते-जाते पत्रकार को धमकी दी कि आज तो बच गया दोबारा हमारे खिलाफ अखबार में कुछ लिखा तो जान से मार देंगे। प्रार्थी पत्रकार की शिकायत पर कोतवाली पुलिस ने सभी आरोपियों के विरूद्ध धारा 294, 323/34, 451, 427, 506(2) भा.दं.वि. के तहत प्रकरण पंजीबद्ध कर विवेचना की और प्रकरण न्यायालय के समक्ष प्रस्तुत किया।

इन आरोपियों को हुई सजा

जिला लोक अभियोजन अधिकारी परितोष देवनाथ ने बताया कि आरोपियों दीपक पिता खुशीलाल साहू उम्र 20 वर्ष निवासी परसोदी पोस्ट कन्हरगांव, देवेंद्र उर्फ देव साहू पिता खुशीलाल साहू उम्र 29 साल निवासी परसोदी पोस्ट कन्हरगांव (दोनों वर्तमान निवासी सिविल लाइंस) श्याम कुमार सोनी पिता पूनाराम सोनी उम्र 21 साल निवासी ग्राम चिरवानी एवं राज चौहान पिता मनमोहन सिंह उम्र 26 साल निवासी शक्ति नगर गुलाबरा को भादवि की धारा 323/34 में 1-1 वर्ष का सश्रम कारावास, धारा 427/34 में 1.1 वर्ष का सश्रम कारावास, धारा 458 भादवि में 3.3 वर्ष का सश्रम कारावास एवं कुल 4 हजार 800 रूपए अर्थदंड से दंडित किया गया।

# नाट्य गंगा की कार्यशाला में तैयार पांच नाटकों का मंचन, दर्शकों ने सराहा



**छिन्दवाड़ा, देशबन्धु।** जिले की सबसे पुरानी सक्रिय नाट्य संस्था एवं एकमात्र रंगमंडल नाट्य गंगा के द्वारा नए कलाकारों को रंगकर्म से जोड़ने के लिए एक मई से स्थानीय महारानी लक्ष्मी बाई उ.मा. विद्यालयमें 45 दिवसीय फिल्म एवं थियेटर एक्टिंग वर्कशॉप का आयोजन किया जा रहा है।

इस कार्यशाला में प्रतिभागियों को अभिनय के साथ-साथ गीत, संगीत, उच्चारण, संवाद अदायगी, थियेटर गेम्स, वॉइस एंड स्पीच, मार्शल आर्ट्स का प्रशिक्षण दिया जा रहा है। इन प्रतिभागियों ने शुरूआती 18 दिनों में जो कुछ सीखा उसे समाहित करते हुए कार्यशाला में पॉच नाटकों को तैयार किया गया जिनका मंचन विगत रविवार को एम.एल.बी. स्कूल में किया गया।

मंचन देख कर दर्शक आश्चर्य चकित हो गए कि यह कलाकार सिर्फ 18 दिनों के प्रशिक्षण से इतना अच्छा अभिनय कर रहे हैं। इन नाटकों की एक और विशेषता यह रही कि इन नाटकों का निर्देशन और लेखन संस्था की पिछली कार्यशालाओं से प्रशिक्षित कलाकारों ने किया। नाट्यगंगा अध्यक्ष सचिन वर्मा ने कहा कि संस्था का उद्देश्य अभिनेताओं के साथ ही निर्देशकों एवं लेखकों की अगली पीढ़ी तैयार करना भी है।

इसी क्रम में यह मंचन किए गए। इस अवसर पर प्रतिभागियों ने किराए की कोख, चाइल्ड हुडट्रामा, मदर्स डे ऑफ अहमियत और मेरी माँ नामक पॉच नाटकों के मंचन किए गए। कार्यक्रम का संचालन अमित सोनी ने किया। नाट्यगंगा की परंपरा के अनुसार नाटकों के मंचन निर्धारित समय पर शुरू हुए और बड़ी संख्या में दर्शक उपस्थित रहे।

**इन्होंने किया लेखन एवं निर्देशन**

इन नाटकों का लेखन और निर्देशन अमजद खान, विनोद प्रसाद, ग्यास, तरूण जलोटा, दानिश अली, अर्शिल चिचाम, हर्ष डेहरिया, पूनम बचले, गुंजन मेटेकर, श्रीधर शर्मा, अंकित खंडूजा, सार्थक सूर्यवंशी ने किया।

**इन्होंने किया अभिनय**

इन नाटकों में हेमंत नांदेकर, अशुंल यादव, निखिल डेहरिया, शिवी भारद्वाज, करूणा गांजरे, अदितांश चौरिसया, अनादि सोनी, धर्मेन्द्र टेकाम, आरोही वाड़बुदे, चैतन्य डेहरिया, रश्मि पाठक, वेद श्रीवास्तव, अंशुल विश्वकर्मा, अनुश्री शुक्ला, स्वस्ति द्विवेदी, कुलदीप विश्वकर्मा, शिवांश श्रीवास्तव, अरिंदम मालवी, शिवम उइके, खुशबू बंदेवार, जयंत जम्होरे, शांभवी गुप्ता, अबीर वर्मा, चित्रांश मोरे, श्रीरज कोल्हे, अवनि सोनी, आरोही रत्नाकर, किरण मोरे, नभ बचले, पुनीत डेहरिया, विशाल धुर्वे, गीतश्री वर्मा ने अभिनय किया।

# पार्श्वनाथ जिनालय, सिंगोड़ी में वेदी शिलान्यास महोत्सव आयोजित



**सिंगोड़ी, देशबन्धु।** मध्य प्रदेश की धर्म नगरी छिंदवाड़ा के विद्वानों की नगरी सिंगोड़ी में सुंदर एवं मनोहारी श्री पार्श्वनाथ दिगंबर जिनालय का निर्माण श्री पार्श्वनाथ दिगंबर जैन ट्रस्ट द्वारा किया गया, जिसमें मनोहारी वेदी का भव्य शिलान्यास बाल ब्रह्मचारी महेंद्र भैया अमायन के कुशल निर्देशन में विधि विधान पूर्वक किया गया।

जिनशासन सेवक दीपक राज जैन ने बताया कि इस अवसर पर मन्नूलाल जैन परिवार को शांति विधान कराने एवं मोहनलाल जैन राज परिवार को मुख्य वेदी शिलान्यास कर्ता बनने का सौभाग्य मिला।

सभी जिनवाणी तत्वरसिक श्रावक-श्राविकाओं ने प्रात: काल की मंगल बेला पर श्री पार्श्वनाथ जिनालय में श्री जिनेन्द्र पूजन कर स्वाध्याय भवन में गुरुदेव श्री के मांगलिक का लाभ लिया पश्चात मंगलगान के साथ राज परिवार के निवास से स्वर्ण एवं रजत शिलाओं को लेकर शौभायात्रा निकाली गई जो मंगलगान करते हुए श्री पार्श्वनाथ दिगंबर जिनालय पहुंची जहां सौभाग्यशाली परिवारों द्वारा श्री वेदी जी का शिलान्यास कर अपने कर कमलों को पवित्र किया। मंगल महोत्सव में छिंदवाड़ा मुमुक्षु मंडल, जैन युवा फेडरेशन सहित जिले से बड़ी संख्या में साधर्मी बंधुओं ने सम्मिलित होकर जिनशासन की मंगल प्रभावना की, जिनका सिंगोड़ी समाज द्वारा आत्मीय अभिनंदन किया गया।

आपको बता दें कि सिंगोड़ी में जल्द ही वेदी प्रतिष्ठा महोत्सव का भव्य आयोजन कर विधि विधान पूर्वक मनोहारी वेदी पर श्री जिन प्रतिमाओं को विराजमान किया जावेगा। इस अवसर पर बड़ी संख्या में श्रावक-श्राविकाऐं वेदी प्रतिष्ठान महोत्सव में शामिल होकर पुण्य लाभ अर्जित किया।

# पॉलिटेक्निक महाविद्यालय खिरसाडोह में विधिक साक्षरता का आयोजन

**छिन्दवाड़ा, देशबन्धु।** प्रधान जिला एवं सत्र न्यायाधीश एवं अध्यक्ष जिला विधिक सेवा प्राधिकरण छिंदवाड़ा सुशांत हुद्दार के निर्देशन में राकेश सिंह, सचिव जिला विधिक सेवा प्राधिकरण छिंदवाड़ा की उपस्थिति में पॉलिटेक्निक महाविद्यालय खिरसाडोह में नालसा नशा पीड़ितों को विधिक सेवाएं एवं नशा उन्मूलन के लिए विधिक सेवाएं योजना 2015 विषय पर विधिक साक्षरता एवं जागरूकता कार्यक्रम का आयोजन किया गया।



महाविद्यालय मे अध्ययनरत विद्यार्थियों को कानून की जानकारी के साथ अपनी जीवन शैली मे किस तरह सुधार करना चाहिए इस हेतु उक्त कार्यक्रम आयोजित किया गया। इस अवसर पर विधिक सेवा प्राधिकरण के सचिव राकेश सिंह ने कहा कि तम्बाकू का नशा का सेवन एक सामाजिक बुराई के रूप मे फैल रहा है, जो व्यक्ति को धीरे से अपने शिकंजों में जकड़ लेता है तथा उसको शारीरिक एवं मानसिक रूप से बीमार बना देता है। नशा करने वाले व्यक्ति का पूरा परिवार बिखर जाता है साथ ही बच्चों की शिक्षा व प्रगति रुक जाती है।

यदि किसी व्यक्ति या बालक का किसी मादक लिकर, स्वापक औषधी या मादक प्रभावी पदार्थ के विक्रय, फुटकर क्रय-विक्रय, उसे साथ रखने, उसकी आपूर्ति करने या तस्करी करने के लिए उपयोग किया जाना व बालक को मादक लेकर या स्वापक औषधि या मना प्रभावित पदार्थ देने के लिए शास्ति है। नशे की लत से दूर रखने के लिए उपस्थित विद्यार्थियों से कहा कि वे अपने-अपने साथियों को नशीले पदार्थों से दूर रखने की सलाह दे, क्योंकि ग्रामीणयुवाओं और पढ़ाई करने वाले युवाओं में नशे की आदतें दिनों दिन बढ़ रही है इसे रोकना होगा वही बी.एन.एस. की धारा 74, 75, 76 एवं 77 से सम्बंधित जानकारी दी गई।

विधिक सेवा प्राधिकरण के सदस्य श्यामल राव ने उपस्थित विद्यार्थियों को संबोधित करते हुए कहा कि बच्चों को शाला मे नैतिक शिक्षा के साथ उनके संस्कार को विकसित करने हम सभी को पहल करने की आवश्यकता है यदि इन विषयो पर ध्यान नही दिया जाता है तो छात्र गलत दिशा मे चले जाते हैं।

वहीं,पाक्सो एक्ट 2012 की जानकारी के तहत उलंघन की श्रेणी मे शोषण का अर्थ शारीरिक शोषण एक बच्चे को शारिरिक रूप से चोट पहुंचाना, भावनात्मक शोषण, शाब्दिक शोषण, मानसिक शोषण, उपेक्षा बच्चो की बुनियादी जरूरतों को पूरा करने में असफल, यौन शोषण-एक बच्चे के साथ अनुचित यौन व्यवहार जैसे प्रकरणों को समझने की आवश्यकता है।

# जनसुनवाई में सुनीं 175 आवेदकों की समस्याएं

**छिन्दवाड़ा, देशबन्धु।** राज्य शासन के जनसुनवाई कार्यक्रम के अंतर्गत प्रति सप्ताह मंगलवार को आम नागरिकों की समस्याओं की सुनवाई की जाती है और संबंधित विभाग के अधिकारियों से इन समस्याओं का त्वरित निराकरण कराया जाता है। कलेक्टर शीलेन्द्र सिंह ने कल सभाकक्ष में आयोजित जनसुनवाई में 175 आवेदकों की समस्यायें सुनी और त्वरित निराकरण करने के निर्देश दिए।

इस दौरान जिले के शहरी और ग्रामीण, दूरस्थ अंचलों से आये आवेदकों ने उपस्थित होकर अपनी समस्याओं के निराकरण के लिये आवेदन प्रस्तुत किये। जनसुनवाई में मुख्य रूप से जमीन का सीमांकन करने, पी एम जनमन आवास योजना का लाभ दिलाने, पी.एम. किसान सम्मान निधि की राशि दिलाने, पात्रता पर्ची जारी करने, संबल योजना का लाभ दिलाने, भू-अधिकार पट्टा दिलाने, शासकीय योजनाओं का लाभ दिलाने व आर्थिक सहायता दिलाने आदि से संबंधित आवेदन प्राप्त हुये। जनसुनवाई के दौरान आवेदकों के बैठने की व्यवस्था भी की गई थी।

कलेक्टर श्री सिंह ने विभिन्न आवेदनों में तत्काल प्रकरण नोट कराते हुए तत्परता के साथ निराकरण करने के निर्देश संबंधित अधिकारियों को दिए। उन्होंने कई प्रकरणों को समय सीमा की बैठक में समीक्षा के लिए भी चिन्हांकित किया।



जनसुनवाई कार्यक्रम में ग्राम जमुनिया की छितिया बाई ने भूमि का पट्टा बनाने, ग्राम सुरला की श्रीमती कांती बाई ने भूमि का सीमाकंन करने, ग्राम नौलाखापा की चैती यादव ने गैस सिलेण्डर एवं चूल्हा दिलाने, ग्राम भाजीपानी के विजय कहार ने पी.एम. किसान सम्मान निधि का लाभ दिलाने की मांग की।

इसी तरह ग्राम बिझावाडा के देवीराम ने पट्टा दिलाने, ग्राम पंचायत रामगढ़ी के समस्त ग्रामवासियों ने शासन की योजना कपिल धारा के अंतर्गत शासकीय नाला में चेक डेम ग्राम पंचायत रामगढ़ी के द्वारा बनाये जाने पर आपत्ति लगाने, ग्राम डोब के सतीश भारती ने पी एम जनमन आवास योजना के अंतर्गत आवास स्वीकृत करने, ग्राम पंचायत लोनिया की कीर्ति आठनेरिया ने समग्र आई.डी. में नाम जोड़ने, ग्राम कामठी की नंदनी राजनकर ने मुख्यमंत्री लाड़ली बहना योजना के अंतर्गत स्वीकृत राशि दिलाने, ग्राम चावलपानी के नन्दकिशोर ने संबल योजना का लाभ दिलाने की मांग की।

छिन्दवाड़ा नगर के सुकलूढाना के विक्की पार्वत ने निशीदा जनता कॉलोनी माध्यमिक शाला से स्थानांतरण प्रमाण पत्र दिलाने, छिंदवाड़ा ग्राम पाठाढाना के वार्ड नंबर- 38 की शकुन भावरकर ने संबल योजना का लाभ दिलाने, नगर के वार्ड नंबर- 03 ढिमराढाना के सोहन साहू ने राशन लेने के लिये पात्रता पर्ची जारी करने आदि के आवेदन प्रस्तुत किये।

इस दौरान कलेक्टर कार्यालय के सभाकक्ष में मुख्य कार्यपालन अधिकारी जिला पंचायत अग्रिम कुमार व संयुक्त कलेक्टर ज्योति ठाकुर व अंकिता त्रिपाठी सहित विभिन्न विभागों के जिला स्तरीय और संबंधित अधिकारियों द्वारा भी आवेदनों पर सुनवाई की गई, जबकि अन्य सभी खंड स्तरीय अधिकारी वी सी के माध्यम से जनसुनवाई में शामिल हुये।

## एक साथ 30 कर्मचारियों को दिए सेवा समाप्ति के नोटिस

**छिन्दवाड़ा, देशबन्धु।** नगर निगम आयुक्त चंद्रप्रकाश राय ने विगत दिनों निगम सभाकक्ष में राजस्व शाखा की बैठक ली गई थी, जिसमें आयुक्त द्वारा वार्डवार प्रतिदिन की गई समग्र ई केवायसी की समीक्षा करते हुए लक्ष्य के अनुरूप प्रगति न पाए जाने पर निगमायुक्त ने सभी 48 वार्ड के सहायक राजस्व निरीक्षकों का एक माह का वेतन रोकने के निर्देश दिए गए थे। जिले के कलेक्टर शीलेंद्र सिंह द्वारा बैठकों में नगर निगम छिंदवाड़ा के सबसे कम प्रगति पर अप्रसन्नता व्यक्त की गई थी।

इसके उपरांत निगम आयुक्त के द्वारा सोमवार को पुन: समग्र ई केवायसी की समीक्षा की गई जिसमें आठ सहायक राजस्व निरीक्षकों को छोड़कर किसी भी वार्ड की ई केवायसी की प्रगति संतोषप्रद नहीं पाई गई। इस पर निगमायुक्त ने नाराजगी जाहिर की। निगमायुक्त ने कड़ी कार्यवाही करते हुए अन्य सहायक राजस्व निरीक्षकों को कार्य से पृथक करने का नोटिस जारी किया गया इसके साथ ही शहर में निवास नहीं करने वालेए विवाह एवं मृत्यु हो चुके नागरिकों की सूची बनाकर उनकी आईडी पोर्टल से डीलिट कराने के निर्देश दिए गए। आयुक्त द्वारा राहुल राजपूत, विनोद चेचकर, वीरेंद्र कटारिया, आसाराम रंगारे, राजेश सोनी, निलेश भट्ट, वासुदेव शर्मा, द्वारका पहाड़े, नीरज डगोर, मनोज चंद्रवंशी, अजय सनकत, संदीप राऊत, भुनेश सूर्यवंशी, मनोज आरगुड़े, रमेश जाधव, सुशील युवनाती, क्रांति मालवी, राजेश सोनी, आशीष तिवारी, विशाल चौहान, समृद्ध औरंगाबादकर, अनिश चांडले, दीपक चौहान, दीपक सोनी, श्रीमती मीना सिहोते, रमेश मालवीय आदि

## सार-समाचार

### लोकमाता अहिल्याबाई होल्कर का जीवन दर्शन विद्यार्थियों के लिए पथ प्रदर्शक



**छिन्दवाड़ा, देशबन्धु।** शासकीय स्वशासी पी.जी. महाविद्यालय छिंदवाड़ा में उच्च शिक्षा विभाग के निर्देशानुसार लोकमाता देवी अहिल्याबाई होलकर की 300 वी जयंती के अवसर पर विद्यार्थियो के लिए निबंध प्रतियोगिता, प्रश्न मंच तथा व्याख्यानमाला का आयोजन किया गया।

इस अवसर पर प्राचार्य डॉ. वाय.के. शर्मा ने कहा कि देवी अहिल्याबाई होलकर का जीवन दर्शन युवाओं के लिए प्रेरणा स्त्रोत है। व्याख्यान देते हुए प्रो. मुकेश ठाकुर ने कहा कि लोकमाता देवी अहिल्याबाई की देश के सामाजिक सांस्कृतिक और धार्मिक उत्थान में महत्वपूर्ण भूमिका रही है। इस अवसर पर प्रेषित संदेश में महाविद्यालय के जनभागीदारी समिति अध्यक्ष भारत घई ने कहा कि पुण्य लोक देवी अहिल्याबाई होलकर की 300 वी जयंती अवसर पर गतिविधियों का आयोजन विद्यार्थियो को देवी अहिल्याबाई के व्यक्तित्व और कृतित्व को जानने का अच्छा अवसर है। कार्यक्रम का संचालन डॉ. पी.एन. सनेसर संयोजक भारतीय ज्ञान परंपरा प्रकोष्ठ द्वारा किया गया। कार्यक्रम में प्रो. जी.व्ही. ब्रम्हे, डॉ. प्रतिभा श्रीवास्तव, डॉ. जे.के. डोंगरे, डॉ. हर्षलता उइके, डॉ. रचना लारिया, प्रो. महेंद्र साहू, डॉ. निधि डोडानी, डॉ. सोसन्ना लाल, नेहा जैन, अनुज दुबे सहित विद्यार्थी उपस्थित रहे।

### किसानों ने यूरिया-खाद को लेकर हाईवे रोड पर किया चक्काजाम पुलिस ने संभाला मोर्चा'

**छिन्दवाड़ा, देशबन्धु।** अमरवाड़ा में मंगलवार की सुबह किसानों ने खाद और यूरिया वितरण को लेकर मंडी के पास हाईवे रोड पर चक्का जाम कर दिया। सूचना मिलते ही तहसीलदार राजेश मरावी, थाना निरीक्षक राजेंद्र सिंह धुर्वे, एस.ए.डी.ओ. अनीता डेहरिया, पटवारी लालसिंह धुर्वे, ए.एस.आई. नूर सिंह बघेल मौका स्थल पर पहुंचे। पुलिस प्रशासन की कड़ी मशक्कत के बाद किसानों को हाईवे रोड से हटाकर यातायात दुरुस्त कराया गया। दरअसल यह बीते तीन-चार सालों में चक्का जाम जैसी स्थिति यूरिया और खाद वितरण के समय देखने को मिल ही जाती है। हालांकि अभी किसानों को खाद यूरिया की बिल्कुल भी जरूरत नहीं है क्योंकि किसानों ने अभी बौनी नहीं की है अभी सिर्फ खेतों की साफ सफाई और बखरौनी ही की जा रही है। बीते वर्ष भी नगर के शिक्षक कॉलोनी के समीप मेन रोड पर चक्का जाम, जेल रोड पर चक्का जाम, मंडी के पास चक्का जाम जैसी स्थिति बन गई थी। इन सबके कुछेक कारण ही नजर आते है। यूरिया की कालाबाजारी जमकर की जाती है। खाद यूरिया वितरण से जुड़े कई खाद विक्रेताओं ने अपने-अपने दुकान या गोदाम में यूरिया खाद को स्टॉक करके रख लिया है और ऐसे में जब यूरिया की किल्लत देखने को मिलती है। तो वही खाद को दुगने दामों में बेचा जाता है और किसान भी परेशानियों के चलते खाद लेने को मजबूर हो जाते हैं। दूसरी तरफ ज्यादा भीड़ होने का एक कारण यह भी माना जा रहा है कि किसानों को ज्यादा मात्रा में यूरिया खाद की जरूरत होती है और वह अपने और अपने रिश्तेदारों को लाकर लाइन में खड़ा करते हैं। जिसके चलते विवाद और चक्काजाम जैसी स्थिति बन जाती है। वितरण व्यवस्था को लेकर ही समस्या है खाद तो पर्याप्त मात्रा में उपलब्ध है।



## नियमित नपानि के अधिकारी कर्मचारियों की संवर्ग सूची तैयार

**छिन्दवाड़ा, देशबन्धु।** नगर निगम आयुक्त चंद्रप्रकाश राय के आदेश से निकाय के समस्त पद संवर्गों में कार्यरत नियमित अधिकारी/कर्मचारियों की 01 अप्रैल 2025 की स्थिति में अनंतिम वरिष्ठता सूची का प्रकाशन किया गया, जिसकी प्रकाशन तिथि से 15 दिवस के भीतर दावे/आपत्ति आमंत्रित की गई थी। उक्त जारी अनंतिम वरिष्ठता सूची के संबंध में दावे आपत्ति प्रस्तुत कर निराकरण की मांग करने वाले कर्मचारियों के प्राप्त दावे आपत्तियों के निराकरण हेतु गठित समिति के समक्ष 20 मई 2025 को निगम सभा कक्ष में सुनवाई हुई। इस दौरान कमलेश निरगुडकर उपायुक्त, अनिल मालवी प्र.स्वा.अधि. एवं मोहन नागदेव कार्यालय अधीक्षक द्वारा की गई स्थापना शाखा से राजेन्द्र सोनी, संतोष सोलंकी एवं मुकेश द्विवेदी उपस्थित रहे।




## उद्यम क्रांति योजना के तहत ऋण लेकर खोली किराना दुकान, मिली पहचान

**छिन्दवाड़ा, देशबन्धु।** जिले के विकासखंड अमरवाड़ा के पोनार की शांत गलियों में रहने वाले अतुल साहू जिनकी उम्र महज 24 वर्ष है, लेकिन आंखों में व्यवसाय का सुनहरा सपना पल रहा था। 12वीं और स्नातक की पढ़ाई पूरी करने के बाद उन्होंने तय कर लिया था अब नौकरी की भीड़ में नहीं दौड़ना, खुद का रास्ता बनाना है।

अपने सपनों को आकार देने के लिए अतुल ने संपर्क किया जिला व्यापार एवं उद्योग केन्द्र, छिंदवाड़ा से। वहां उन्हें मुख्यमंत्री उद्यम क्रांति योजना के बारे में मिली जानकारी ने उनकी ज़िंदगी बदल दी। इस योजना के अंतर्गत अतुल ने आवेदन किया और सेंट्रल बैंक ऑफ इंडिया, पोनार से 9.50 लाख की वित्तीय सहायता प्राप्त की। यह रकम उनके लिए सिर्फ पैसे नहीं थे, बल्कि उनके भविष्य की नींव थी।

इस राशि से अतुल ने शुरू किया साहू किराना स्टोर जो अब पोनार के लोगों की जरूरतों का ठिकाना बन चुका है। अब अतुल हर महीने लगभग 40,000/- की आमदनी कर रहे हैं। उनके लिए ये सिर्फ दुकान नहीं, एक पहचान है, एक ऐसी पहचान जिसे उन्होंने खुद गढ़ा है।

मुख्यमंत्री उद्यम क्रांति योजना के लिये अतुल शासन का हृदय से धन्यवाद करते है, जिसने उनके सपनों की उड़ान को पंख दिये। आज अतुल न सिर्फ स्वरोजगार से संतुष्ट हैं, बल्कि वो औरों के लिए प्रेरणा भी बन चुके हैं। उनकी मुस्कान अब बताती है कि जब हौसले को सरकारी योजना का साथ मिलता है, तो छोटे गांवों के युवा भी बड़े सपने सच कर सकते हैं।



## भारत माता के जयकारों से गूंजा शहर, निकली तिरंगा यात्रा



**छिन्दवाड़ा, देशबन्धु।** भारत माता के जयकारो से शहर गुंजायमान था। हजारों नागरिक सांसद बंटी विवेक साहू के साथ हाथों में तिरंगा लेकर शहर की सडकों पर नजर आ रहे थे। अपने प्यारे देश के प्रति देशभक्ति व्यक्त करते हुए और भारतीय सेना के प्रति सम्मान और कृतज्ञता जताते हुये नागरिकों में अभूतपूर्व उमंग और उत्साह नजर आ रहा था। यह दृश्य शहर में निकाली गई तिरंगा यात्रा का था।

ऑपरेशन सिंदूर की ऐतिहासिक सफलता के उपरांत भारतीय जनता पार्टी द्वारा देश भर में तिरंगा यात्रा निकाली जा रही है, जिसके तहत छिन्दवाड़ा जिले में भी सांसद बंटी विवेक साहू के नेतृत्व में तिरंगा यात्रा निकाली जा रही है। पूर्व में कोयलांचल और चौरई विधानसभा क्षेत्र में निकाली सफल तिरंगा यात्रा के बाद सांसद साहू के नेतृत्व में मंगलवार को छिन्दवाड़ा शहर में विशाल तिरंगा यात्रा निकाली गई, जिसमे मोटर साईकल और चौपहिया वाहनों में सवार होकर हजारों की संख्या में लोग शामिल हुये।

इस दौरान अपने संदेश में सांसद बंटी विवेक साहू ने कहा की हमारी भारतीय सेना ने प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी के नेतृत्व में चलाये गये ऑपरेशन सिंदूर के माध्यम से विश्व को अपनी वीरता, शौर्यता और पराक्रम का परिचय देते हुए पाकिस्तान में घुसकर दुश्मनों को नेस्तनाबूद करते हुये तिरंगे का परचम लहराया। हमें हमारी सेना पर गर्व है। हमारी सेना के पराक्रम से हमें गर्व की अनुभूति होती है। सांसद श्री साहू ने कहा की प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी द्वारा सेना को दी गई खुली छूट का ही परिणाम है कि ऑपरेशन सिंदूर को ऐतिहासिक सफलता मिली है।

ऑपरेशन सिंदूर की सफलता के बाद सांसद बंटी विवेक साहू के नेतृत्व में छिन्दवाड़ा शहर में भाजपा नगर मंडल एक के अध्यक्ष सौरभ ठाकुर, नगर मंडल दो के अध्यक्ष अंकुर शुक्ला, नगर मंडल तीन के अध्यक्ष नवीन बारस्कर और नगर मंडल चार की अध्यक्ष लीला बाजोरिया के मार्गदर्शन में रैली निकाली गई।

रैली का शुभारम्भ नरसिंगपुर नाका के पास स्थित काली माता मंदिर से किया गया, जो शनिचरा बाजार मेन रोड, चार फाटक, छोटी बाजार, गोलगंज, फव्वारा चौक, जेल बगीचा, गुलाबरा, मोहन नगर होते हुये मानसरोवर काम्पलेक्स बस स्टेंड स्थित मेजर अमित ठेंगे प्रतिमा स्थल पर पहुची। रैली के दौरान युवाओं द्वारा देशभक्ति के नारे लगाये गये, जिसने रैली में शामिल लोगों में जोश भरने का काम किया। रैली के समापन पर सहयोग देने पर सभी सामाजिक संगठनों, स्वयंसेवी संगठनों, धार्मिक संगठनों, निजी संस्थाओं सहित विभिन्न संगठनों के प्रति आभार व्यक्त किया। तिरंगा यात्रा का समापन राष्ट्रगान के साथ किया गया।

विभिन्न संगठन तिरंगा यात्रा में हुए शामिल

छिन्दवाड़ा शहर में निकाली गई तिरंगा यात्रा में विभिन्न संगठनों ने भाग लिया। जिसमें प्रमुख रूप से पूर्व सैनिक संगठन, लोकतंत्र सेनानी संगठन, अधिवक्ता संघ, वरिष्ठ नागरिक संगठन, पेंशनर्स संगठन, आर्ट ऑफ लिविंग, ब्रह्म कुमारी समाज, इस्कॉन मंदिर समिति, रामलीला मंच समिति, छोटी माता मंदिर समिति, भुजलिया उत्सव समिति, भारतीय किसान संघ, अंजुमन इस्लाहुल मुस्लेमीन कमेटी, गुरुसिंघ सभा, महाराष्ट्रीयन स्वर्णकार समाज, वैश्य महासम्मेलन, मराठा समाज, साहू समाज, बंगाली समाज, अनाज व्यापारी संघ, सब्जी व्यापारी, गांधी गंज व्यापारी मंडल, फुटकर व्यापारी मंडल, वंशकार समाज, गुजराती समाज, कुशवाहा समाज, विश्व हिंदू परिषद, बजरंग दल, विद्यार्थी परिषद, दुर्गा वाहिनी, शिवसेना, ब्रह्म समाज, लोणारे कुनबी समाज, तिरोले कुनबी समाज, नेमा समाज, कल्चुरी कलार समाज, आदिवासी समाज, वाल्मीकि समाज, रविदास समाज, राजपूत क्षत्रिय समाज, किरार समाज, रघुवंशी समाज, पाल समाज, जिम एसोसिएशन, पॉवर लिफ्टिंग एसोसिएशन, क्रिकेट एसोसिएशन, हॉकी संघ, फुटबाल संघ, बैडमिंटन संघ, नगर निगम कर्मचारी संघ सहित समस्त सामाजिक, धार्मिक एवं स्वयं सेवी संस्थाओं के पदाधिकारी एवं सदस्य शामिल हुये।

## सीएम हेल्पलाइन में नगर निगम छिन्दवाड़ा फिर आया प्रथम

**छिन्दवाड़ा, देशबन्धु।** नगर निगम छिंदवाड़ा सीएम हेल्पलाइन से प्राप्त शिकायतों के निराकरण में नगर निगम छिंदवाड़ा पुन: प्रथम पायदान पर आया है। प्रतिमाह भोपाल से जारी की जाने वाली रैंकिंग में लगातार सभी 16 नगर निगमों में छिंदवाड़ा नगर निगम को प्रथम स्थान प्राप्त हुआ है। नगर निगम छिंदवाड़ा द्वारा माह अप्रैल 2025 में 97.54 प्रतिशत के साथ संतोषजनक निराकरण के कारण प्रथम स्थान एवं ए ग्रेड प्राप्त हुआ है। नगर निगम छिंदवाड़ा को एक वर्ष से भी अधिक समय से सीएम हेल्पलाइन संबंधी शिकायतो के निराकरण में ए ग्रेड प्राप्त हो रहा है।

## त्वचा को गर्मी में धूप से बचाएं, जिससे एलर्जी की समस्या कम रहे

**गाडरवारा, देशबन्धु।** गर्मी में लोगों को त्वचा संबंधित परेशानियां ज्यादा होती हैं। इसलिए जब भी घर से बाहर जाएं तो सिर व चेहरा ढंककर रखें। धूप में निकलने पर सनस्क्रीन लगाएं, जिससे त्वचा संबंधित एलर्जी व परेशानियों पर नियंत्रण पाया जा सके। गर्मी में ढीले व सूती कपड़े पहनना चाहिए। चुस्त कपड़े पहनने से पसीना आने पर फंगल इंफेक्शन हो सकता है।

डा. उमाशंकर दुबे ने कहा कि युवा फास्ट फूड व तैलीय चीजों का ज्यादा सेवन कर रहे हैं। इस कारण पिंपल की समस्या बढ़ी है। खानपान पर नियंत्रण से इसे कम किया जा सकता है। महिलाओं में हार्मोनल बदलाव के कारण बाल झड़ने की समस्या होती है। इससे ज्यादा घबराने की जरूरत नहीं है।

चेहरे पर बार-बार पसीना आने के कारण कील-मुंहासे होते हैं। ऐसे में चेहरे की सफाई का ध्यान रखना चाहिए। कई लोग त्वचा संबंधित परेशानियों में सामान्य डाक्टर या झोलाछापों के पास पहुंच जाते हैं।